उत्तर प्रदेश शासन

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1

संख्या-6/2015/60/78-1-2015-58आई0टी0/2014

लखनऊ: दिनांक: 28 जनवरी, 2015

<u>अधिसूचना</u>

प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के विकास हेतु राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा इकाईयों की आवश्यकता के अनुकूल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नवीनतम भौतिक अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था के लिए आईटी पार्क्स/आईटी सिटी/मेगा इन्वेस्टमेट इकाईयों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उदघोषित "सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2012" में प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आई0टी0 सिटी तथा आई0टी0 पार्क की स्थापना का संकल्प किया गया है। प्रदेश में आईटी पार्क्स के विकास के लिए निर्गत दिशा-निर्देशों (गाइडलाइल्न्स) में प्रत्येक विकास प्राधिकरण में यथासंभव एक आईटी पार्क स्थापित किये जाने का प्राविधान हैं। उक्त दिशा-निर्देश में आईटी पार्क्स की स्थापना हेतु निर्धारित 4 माडल में किसी एक माडल का चयन करके आईटी पार्क स्थापित किये जाने का प्राविधान है।

2- प्रदेश सरकार द्वारा आई0टी0 पार्क की स्थापना हेतु निर्गत दिशा-निर्देश में प्राविधानित माडल में माडल-2 के आधार पर जनपद मेरठ में एस0टी0पी0आई0 के सहायोग से आई0टी0 पार्क्स स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- मेरठ जनपद में मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित वेद-व्यासपुरी आवासीय योजना में आई0टी0 पार्क का विकास सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स योजना के अन्तर्गत, एस0टी0पी0आई0 के सहयोग से किया जाना है, अत: मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित वेद-व्यासपुरी आवासीय योजना में 2.5 एकड भूमि पर आईटी पार्क की स्थापना एतदद्वारा अधिसूचित की जाती है।

4- मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित वेद-व्यासपुरी आवासीय योजना में 2.5 एकड भूमि, आईटी पार्क परियोजना हेतु सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया (एस0टी0पी0आई0) को नि:शुल्क तीस वर्ष के पट्टे पर उपलब्ध कराई जायेगी।

जी0एस0 नवीन कुमार

विशेष सचिव।

<u>संख्या-6/2015/60(1)/78-1-2015 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि उपर्युक्त सूचना की एक-एक प्रति सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- कृषि उत्पदान आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0।
5- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, आई0टी0 एवं इले0 विभाग उ0प्र0 शासन।
8- महा निदेशक, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स आफ इण्डिया, नई दिल्ली।
9- प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।
10- उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।
11- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(हरीराम)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।